नर सेवा

नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

## तिमाही वृत्तांत

**जुलाई - सितम्बर 2023**

### वनवासी क्षेत्रों में रीढ़ की हड्डी की सामर्थ्यनुसार चिकित्सा
### (स्वास्थ्य लाभ की एक यात्रा)



## उल्लेखनीय उपलब्धि 100+ स्पाइन सर्जरी

svhmuk@gmail.com svhmuk.in facebook.com/svhmu/ twitter.com/svhmuk/
instagram.com/svhmuk/ youtube.com/@swamivivekanandhealthmissi7701

# अंक विशेष

## संपादक की कलम से:

ऋतु सम्बंधित एवं जलजनित रोगों से ग्रसित रोगियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि ने इस तिमाही में हमारे चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सेवाओं की वहन शक्ति को परखा व इस चुनौती को हमारे समर्पित स्टाफ ने पूरी दक्षता से पार किया और अपने असीम कार्यकुशलता से सभी को प्रभावित भी किया।

उपलब्धियाँ एक बार पुनः इस तिमाही को सुशोभित करती रही और सोसाइटी का मान बढाती रही। धर्मावाला चिकित्सालय के स्पाइन विभाग ने 100 सर्जरी के आंकड़े को छुआ जो की अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि रही। एक और महत्वपूर्ण क्षण, जो संयोगवश उत्तराखण्ड राज्य के लिए भी प्रथम रहा जब हमारे श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय को एक अद्वितीय हैंडहेल्ड बैटरी संचालित एक्स रे प्रणाली से लैस किया गया। यह हैंडहेल्ड एक्स रे डिवाइस, जिसका वजन मात्र 2.4 किलोग्राम है, एक DSLR कैमरे के रूप में कार्य करता है और उन रोगियों को सरल और त्वरित एक्स रे की सुविधा प्रदान करता है जो शय्याग्रस्त है या उन्हें एक्स-रे हेतु ले जाना कठिन हो जाता है। इसके साथ ही एक्स-रे के परिणाम भी तुरंत मौके पर ही देखे जा सकते हैं।

उत्तरकाशी चिकित्सालय में अल्ट्रासोनोग्राफी सुविधा की शुरुआत एक और उपलब्धि रही जिसने स्थानीय जनमानस की लंबे समय से चली आ रही एक आवश्यकता को पूरा किया। अपने ध्येय के अनुरूप, सोसाइटी ने दिल्ली में बाढ़ प्रभावितों की सहायता के लिए उन क्षेत्रों में नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन कर अस्थायी शिविरों में रहने वाले हजारों पीड़ितों व अभावग्रस्त और निराश्रित लोगों को चिकित्सा जाँच, दवाएँ और आवश्यक राहत प्रदान करी।

इसी प्रकार सोसाइटी ने श्रावण माह में आयोजित होने वाली शिव भक्तों की वार्षिक तीर्थ कांवड़ यात्रा में भी भक्तों की सेवा की। सोसाइटी ने मोबाइल चिकित्सा इकाइयों के साथ साथ कांवड़ यात्रा के मार्गों पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करके गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान की।

सोसाइटी के चार धाम चिकित्सालयों में देश भर से आये सेवाभावी डॉक्टर्स अपनी नि:स्वार्थ धर्मार्थ सेवाएँ प्रदान करते रहे व आने वाले तीर्थयात्रियों की समयानुसार एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य देखभाल करते रहे।

इस तिमाही में भी सोसाइटी द्वारा समस्त समारोह एवं पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाये गए। इन समारोहों में सम्मिलित रहे धर्मावाला, पेटशाल और बड़कोट चिकित्सालयों के स्थापना दिवस समारोह और साथ ही गुरु पूर्णिमा, गुरु दक्षिणा, रक्षा बंधन और स्वतंत्रता दिवस।

एक और गौरवमय क्षण था जब धर्मावाला चिकित्सालय के वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ वी. वी. प्रसाद जी को मगनभाई अदेनवाला मेडिकल यूनिवर्सिटी, नाडियाद, गुजरात द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सोसाइटी अपने ध्येय वाक्य के अनुरूप अपने धर्मार्थ सेवा कार्यों को सतत अग्रसर रखेगी और भविष्य में और भी उपलब्धियाँ अर्जित करने के लिए प्रयासरत रहेगी।

03 हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला
04-09 तिमाही विशेष
10-12 चार धाम चिकित्सालय आलेख
13 प्रवास विशेष
14 सर्जरी शिविर
15-16 मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर
17-19 सामुदायिक चिकित्सा शिविर
20 सामुदायिक कार्यक्रम
21-22 समारोहों की झलकियाँ
23 आंकड़े

**संपादकीय और रूपांकन टोली**

डॉ ताराश्री सिंघल
डॉ दीपक सिन्हा
श्रीमती स्वाति नायर

# हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला




स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी का गठन सन् २०१२ में कुछ युवा चिकित्सकों एवं सेवाभावी लोगो के द्वारा मानव सेवा हेतु किया गया था और जिनका लक्ष्य दुर्गम, पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना है।

सोसाइटी ने चार धाम में और उनके मार्गों में, चार धाम यात्रा पर वाले तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सुविधा देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम व गंगोत्री धाम में ICU युक्त चिकित्सालयों का संचालन कर रही है, जिनमें लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स रे, फार्मेसी इत्यादि समस्त सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। विदित हो की यह चिकित्सालय 24 x 7 कार्यरत हैं और इनमे कार्यरत स्टाफ high altitude sickness व उससे सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं को उपचार करने के लिए प्रशिक्षित भी है।

सोसाइटी अपने धर्मार्थ चिकित्सालयों के अतिरिक्त अन्य परोपकारी कार्यों में भी योगदान कर रही है जिनमे प्रमुख है दुर्गम, पिछड़े व पहाड़ी क्षेत्रों में निःशुल्क सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन। इनके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में हैं, शिक्षा अभियान, स्वावलंबन अभियान एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम। सोसाइटी द्वारा पांच सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे है; एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार कार्यक्रम, स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम, मासिक धर्म स्वच्छता (My Pad: Menstrual Hygiene) कार्यक्रम, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मुंह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, जाँच व चिकित्सा कार्यक्रम।

सेवा पथ पर चलते हुए सोसाइटी आज कुल 12 धर्मार्थ चिकित्सालयों का संचालन कर रही है और अपने "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्येय वाक्य को यथार्थ कर रही है।

# तिमाही विशेष

## नए कीर्तिमान रचता हुआ धर्मावाला चिकित्सालय का स्पाइन विभाग

धर्मावाला

**एक निरुपम उपलब्धि जो की बड़े बड़े स्पाइन केन्द्रों को भी मात दे रही है!**

**कुल रीढ़ की हड्डी की सर्जरी:** 100 अभी तक और निरंतर अग्रसर

**कुल स्वस्थ हुए रीढ़ की हड्डी के रोगी:** 1500 अभी तक और निरंतर अग्रसर

रीढ़ हमारे शरीर का एक अनिवार्य और बहु कार्यात्मक स्तंभ है अर्थात स्वस्थ जीवन व्यापन करने हेतु स्वस्थ रीढ़ का होना नितांत आवश्यक है। रीढ़ की हड्डी की चोटें और विकार/अक्षमता से प्रभावित होने वाले अक्सर कमाऊ युवा होते हैं, जिन्हें इसके कारण अक्सर कई दिनों तक काम से छुट्टी लेनी पड़ती है और परिणाम स्वरुप पूरे परिवार को आर्थिक के साथ साथ मानसिक कष्ट का सामना करना पड़ता है। प्रारंभिक और सटीक निदान के साथ साथ त्वरित और सटीक उपचार पीड़ा, अपंगता और भविष्य में होने वाली कई दिक्कतों से बचाव कर सकते हैं। रीढ़ की हड्डी के रोगों के प्रबंधन में उपयोग किए जाने वाले निदान और उपचार के तौर-तरीके अधिकतर प्रौद्योगिकी और प्रत्यारोपण वाले होते हैं और इसमें रोगियों के लिए उच्च लागत शामिल होती है व हमारे देश में अधिकांश लोग यह वहन करने में अक्षम होते हैं।




पीठ और गर्दन का दर्द युवा श्रमिकों में विकलांगता और उत्पादकता में कमी के प्रमुख कारणों में से एक बना हुआ है, और तनावपूर्ण जीवनशैली के साथ यह संख्या तेजी से बढ़ रही है।

स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, धर्मावाला में स्पाइन विभाग की शुरुआत फरवरी 2022 में डॉ तेजस्वी अग्रवाल के नेतृत्व में हुयी और 26 फरवरी 2022 को रीढ़ की हड्डी की पहली सर्जरी की गई। आमतौर पर रीढ़ की हड्डी की सर्जरी पर कम से कम 1-1.5 लाख रुपये या उससे अधिक का व्यय आता है, जो हमारे देश के अधिकांश लोग वहन करने में सक्षम नहीं होते है और उस पीड़ा/अपंगता के साथ अपना जीवन व्यतीत करने के लिए बाध्य हो जाते हैं।



धर्मावाला चिकित्सालय में रीढ़ की हड्डी की 100 से अधिक सर्जरी सफलतापूर्वक हो चुकी हैं और सर्जरी के बाद कोई बड़ी जटिलता भी नहीं हुई है, साथ ही ओपीडी में भी रीढ़ की हड्डी के विकारों वाले 1500 से अधिक रोगियों का उपचार किया गया है। उल्लेखनीय है की धर्मावाला चिकित्सालय में एक रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की औसत लागत लगभग 30 हजार रुपये होती है जो इस सुविधा को सस्ती और सुलभ बनाती है।









रीढ़ की हड्डी की स्वास्थ्य देखभाल में एक बड़ा कदम बढ़ाते हुए सोसाइटी ने वर्ष 2022 में “दी स्पाइन फाउंडेशन” मुंबई के साथ साझेदारी कर शुरुआत करी। डॉ शेखर वाई भोजराज के अतुलनीय नेतृत्व में “दी स्पाइन फाउंडेशन” पूरे भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में रीढ़ की हड्डी से संबंधित स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है और सोसाइटी के साथ साझेदारी ने हमारे चिकित्सालय को भी एक रूरल स्पाइन केयर सेंटर बना दिया है जो इस क्षेत्र के लिए एक वरदान स्वरुप साबित हो रहा है। HOPE संस्था देहरादून के अनुपमेय सहयोग से स्पाइन फाउंडेशन, धर्मावाला चिकित्सालय में निःशुल्क शिविर का संचालन कर सामाजिक व आर्थिक रूप से अशक्त वर्ग को लाभान्वित कर रहा है।

जागरूकता और विस्तार करने के उद्देश्य से सोसाइटी ने अपने चिकित्सालयों के स्टाफ को रीढ़ की हड्डी से सम्बंधित खतरे के चिन्हों के बारे में अवगत कराया साथ ही रीढ़ की हड्डी की देखभाल और समुदाय में रीढ़ की हड्डी के रोगों के उपचार विशेषकर सर्जरी से जुड़े मिथकों को दूर करने के बारे में जानकारी साझा करी। स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का आधार है और स्वस्थ समाज से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है। गुणवत्तापूर्ण रीढ़ की हड्डी से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाएँ सरलता व सुगमता से सभी को विशषकर सामाजिक व आर्थिक रूप से अशक्त वर्ग को उपलब्ध हो यही हमारा ध्येय और संदृष्टि है।

# तिमाही विशेष

## "राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस"

**1 जुलाई: धर्मावाला**





धर्मावाला चिकित्सालय में दिनांक 01 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय से अपनी स्वैच्छिक सेवाएं देकर लौट रहे तीन वरिष्ठ डॉक्टर्स डॉ गंगा राम, डॉ आर. आर. सुकुल एवं डॉ बी. के. सिंह इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने अपने आशीर्वचनों से सभी का मार्गदर्शन किया और शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ वी.वी. प्रसाद एवं डॉ ताराश्री सिंघल द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## "पांचवा स्थापना दिवस समारोह"

**21 जुलाई: पेटशाल**





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे डॉ आर. सी. पंत, CMO, अल्मोड़ा, श्री प्रमोद कुमार पंत, प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कालेज, पेटशाल और श्री इन्द्र मोहन जी, विभाग प्रचारक, RSS। अन्य उपस्थित गणमान्यजन थे क्षेत्र के ग्राम प्रधान व स्थानीय जनमानस।
कार्यक्रम का संचालन खीला नन्द भट्ट जी द्वारा किया गया।

## "सेंसर आधारित पूर्णतः स्वचालित डेंटल चेयर"

**29 जुलाई: धर्मावाला**



धर्मावाला चिकित्सालय के डेंटल विभाग ने Gnatus कंपनी की उन्नत व नवीनतम सेंसर आधारित पूर्णतः स्वचालित डेंटल चेयर से अपने आप को सुसज्जित कर दंत चिकित्सा प्रक्रियाओं के दायरे को और बढ़ाया है।

इस डेंटल चेयर का लोकार्पण पूरे रीति रिवाज के साथ सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज व अन्य डॉक्टर्स व स्टाफ की उपस्तिथि में किया गया।

इसके अतिरिक्त एक पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे यूनिट भी स्थापित की गई। इन दोनों उन्नयनों से डेंटल विभाग एक tertiary स्तर की सुविधा देने वाला केंद्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है।

# तिमाही विशेष

## "RadioVisioGraphy (RVG) मशीन का उद्घाटन समारोह"

**3 अगस्त: उत्तरकाशी**





महर्षि भृगु चैरिटेबल चिकित्सालय, उत्तरकाशी के दंत चिकित्सा विभाग में एक नए रेडियोविज़ियोग्राफी (RVG) इमेजिंग सिस्टम का पूरे पारंपरिक अनुष्ठान के साथ उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर साधु समाज उत्तरकाशी के सचिव पूज्य स्वामी दिव्यानंद जी एवं चिकित्सालय के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## "उत्तरकाशी चिकित्सालय बना सातवाँ बाल गोकुलम केंद्र"

**6 अगस्त: उत्तरकाशी**





बाल्यावस्था में संस्कार व नैतिक मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से सोसाइटी अपने 6 चिकित्सालयों द्वारा बाल गोकुलम केन्द्रों का संचालन कर रही है। इस श्रृंखला में एक और केंद्र जोड़ते हुए उत्तरकाशी चिकित्सालय में भी बाल गोकुलम कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस रोचक कार्यक्रम में नन्हे बच्चों में योगाभ्यास के साथ-साथ मनोरंजक खेल और पंचतंत्र की जीवन का पाठ पढ़ाती कहानियाँ बताई जाती हैं और इनके माध्यम से बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों को सिखाया जाता है। बच्चों ने स्टाफ की स्नेहपूर्ण देखभाल में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

## "JNU के स्पेशल सेंटर फॉर डिजास्टर रिसर्च (SCDR) के साथ सहभागिता"

**22 अगस्त: नई दिल्ली**





सोसाइटी और JNU, नई दिल्ली स्थित स्पेशल सेंटर फॉर डिजास्टर रिसर्च (SCDR) के मध्य हुए एक सहयोग के अंतर्गत, सेंटर ने अपने तीसरे सेमेस्टर के परास्नातक छात्रों को आपदा प्रतिरोध सिस्टम (Disaster Resilience System) में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका का अध्ययन करने हेतु 4 सप्ताह की इंटर्नशिप के लिए हरिद्वार चिकित्सालय में प्रतिनियुक्त किया। इंटर्नशिप की अवधि पूर्ण होने के पश्चात डॉ प्रवीण कुमार रेड्डी, निदेशक, हरिद्वार चिकित्सालय की अध्यक्षता में आयोजित एक कार्यशाला में छात्रों ने अपने अध्ययन निष्कर्ष प्रस्तुत किये।

# तिमाही विशेष

## "लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड"

### 3 सितम्बर - नाडियाद, गुजरात




डॉ वी वी प्रसाद, एमडी, पीएचडी, आयुर्वेदिक वनस्पति मेडिसिन व वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ, धर्मावाला चिकित्सालय और साथ ही पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार को एक भव्य समारोह में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मगनभाई अदेंवाला मेडिकल यूनिवर्सिटी, नाडियाद, गुजरात द्वारा प्रदान किया गया।

## "सोसाइटी की त्रैमासिक समीक्षा बैठक"

### 14 - 16 सितम्बर - धर्मावाला



सोसाइटी द्वारा संचालित समस्त चिकित्सालयों कि इस वित्तीय वर्ष की दूसरी त्रैमासिक बैठक में सभी हॉस्पिटल मैनेजरों ने सक्रियता से भाग लिया व अपनी अपनी रिपोर्ट विस्तारपूर्वक प्रस्तुत करी। धर्मावाला चिकित्सालय मे आयोजित इस तीन दिवसीय बैठक में बिन्दुवार सभी मुद्दों पर चिकित्सालयों के कार्यों कि समीक्षा कि गयी, परिचर्चा हुई और आगे के लिए रूपरेखा एवं कार्ययोजना भी तैयार कि गयी।

## "उल्लेख्य अनुलब्धि"
## "हैंडहेल्ड बैटरी चलित एक्स रे सिस्टम (Handheld Battery Operated X ray System)"

### 19 सितम्बर - श्री केदारनाथ धाम





सोसाइटी ने अपने श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय को एक अद्वितीय हैंडहेल्ड बैटरी संचालित एक्स रे सिस्टम से सुसज्जित कर एक ऐसी अनोखी उपलब्धि प्राप्त कि है जो उत्तराखण्ड राज्य व सोसाइटी दोनों के लिए सर्वप्रथम है।

यह सिस्टम आपातकालीन व ICU के रोगियों/आईपीडी रोगियों/गंभीर रूप से चोटग्रस्त रोगी/ऐसे रोगी जिन्हें बेड से हिलाना संभव नहीं है या उपयुक्त नहीं है या स्थानांतरित नहीं किया जा सकता आदि के लिए एक वरदान साबित हो रहा है।

मात्र 2.4 किलोग्राम वजन का यह सिस्टम DR तकनीक का उपयोग करता है और एक DSLR कैमरे के रूप में कार्य करता है और इससे हाथ मे उठाकर रोगी के किसी भी अंग का X ray अत्यंत सरलता व सुगमता से किया जा सकता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि परिणाम तुरंत उपलब्ध होते हैं जिन्हें डॉक्टर देखकर अविलंब उपचार प्रारंभ कर सकते है।

इस सिस्टम का सरल संचालन तंत्र इसे एक व्यवहार्य और योग्य विकल्प बनाता है।

उल्लेखनीय है कि सिस्टम की स्थापना के मात्र 10 दिनों की अवधि में 30 सितम्बर तक कुल 292 एक्स-रे किये जा चुके हैं।

# तिमाही विशेष

## “छठा स्थापना दिवस समारोह”

### 24 सितम्बर - बड़कोट





इस अवसर पर उपस्थित मुख्य गणमान्य व्यक्तियों में थे श्री जयपाल सिंह जी, विभाग संघचालक, RSS, डॉ प्रमोद शर्मा जी, CTVS सर्जन, धर्मावाला चिकित्सालय एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मनीषा शर्मा जी।

## “अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन समारोह”

### 30 सितम्बर - उत्तरकाशी



"मां गंगा" के आशीर्वाद व संतों, उत्तरकाशी के DM श्री अभिषेक रुहेला जी, CMO डॉ आर.सी.एस. पंवार जी, डॉ अनुज और डॉ. ताराश्री जी व अन्य गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति में व अनुष्ठानों के बीच उत्तरकाशी चिकित्सालय में अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस प्रकल्प से क्षेत्रवासियों की काफी लम्बे समय से चली आ रही ऐसी सुविधा कि मांग पूर्ण हो गयी।







यह अल्ट्रासाउंड मशीन स्वामी बोधानंद जी महाराज की प्रेरणा से गोरखपुर निवासी डॉ विक्रांत अग्रवाल व उनकी डॉक्टर्स की टीम के संयुक्त योगदान द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।

# तिमाही विशेष

## "ग्यारहवाँ स्थापना दिवस समारोह"

### 16 सितम्बर - धर्मावाला



पवित्र "हवन" एवं मंत्रों और श्लोकों की गूंज के साथ उत्सव की विधिवत शुरुआत हुई।









उत्सवों की श्रृंखला में एकल और समूह गीत, गढ़वाली लोक नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मिलित रहे।



सचिव डॉ अनुज सिंघल जी द्वारा सोसाइटी एवं धर्मावाला चिकित्सालय की 11 साल की यात्रा प्रस्तुत की गयी।



**मुख्य अतिथिगण:** परम पूज्य स्वामी प्रेम विवेकानन्द जी महाराज, साधना केंद्र आश्रम, डुमेट; श्री सुरेन्द्र मित्तल जी, प्रान्त व्यवस्था प्रमुख, RSS, उत्तराखण्ड; डॉ प्रमोद शर्मा, मेडिकल डायरेक्टर, धर्मावाला चिकित्सालय।



स्पाइन सर्जन डॉ तेजस्वी अग्रवाल को केवल डेढ़ साल की अवधि में 103 स्पाइन सर्जरी करने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।



श्री अरविन्द धीमान जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन।



बाल गोकुलम के बच्चों ने दीप ज्योति मंत्र का जाप किया एवं स्वामी प्रेम विवेकानन्द जी महाराज से "प्रसादम" प्राप्त किया।



श्री रोहित अग्रवाल, एकाउंट्स हेड को "सर्वश्रेष्ठ स्टाफ पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।

# चार धाम चिकित्सालय आलेख

6 जुलाई
श्री बद्रीनाथ धाम



श्री राजकुमार मठाले जी, अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख; श्री जगदीश जी, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, RSS और श्री राहुल जी, जिला प्रचारक, RSS।

10 सितम्बर
श्री बद्रीनाथ धाम



श्री वेंकट कोटेश्वर राव जी, अखिल भारतीय संयुक्त महासचिव और श्री सोहन सोलंकी जी, क्षेत्र संगठन मंत्री, विश्व हिन्दू परिषद।

# आंकड़े

| जुलाई-सितम्बर 2023 | कुल पंजीकरण | कुल इमरजेंसी | एक्स रे | कुल लैब टेस्ट |
|---|---|---|---|---|
| श्री केदारनाथ धाम | 37,942 | 6583 | 401 | 1,462 |
| श्री बद्रीनाथ धाम | 12,669 | 626 | 265 | 4,960 |
| गंगोत्री धाम | 5,186 | 639 | 108 | 672 |
| कुल | 55,797 | 7,848 | 774 | 7,094 |

# अन्य नि:शुल्क सेवाएं

हमारे पूर्णतः नि:शुल्क धाम चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त कुछ अन्य नि:शुल्क सेवाएं भी सम्मिलित हैं जिनमें है कम्बलों का वितरण, हीटर और अलाव की व्यवस्था, रेनकोट व चप्पलों का वितरण तथा गर्म चाय और बिस्कुट।

हजारों तीर्थयात्रियों को बिस्कुट और गर्म चाय







738 जोड़ी चप्पल

1655 कम्बल



# चार धाम चिकित्सालय आलेख

## श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय में डॉक्टरों की स्वैच्छिक सेवाएं

मानवता की सेवा करने और अपने परोपकारी लक्ष्यों को साकार करने का उत्साह इन अद्भुत मनुष्यों को हमारे धाम चिकित्सालयों की ओर ले कर आया। इन्हें धन या प्रसिद्धि की कोई महत्वाकांक्षा नहीं थी। इन महान आत्माओं ने तीर्थयात्रियों की सेवा पूर्ण समर्पण, विशेषज्ञता और निपुणता से की, और अगले वर्ष फिर से सेवा करने के लिए आने की प्रबल इच्छा के साथ विदा हुए, और हमारे ध्येय वाक्य "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्वजवाहक बने।

**अपील**

हमारे चार धाम चिकित्सालयों में स्वैच्छिक सेवाएं प्रदान करने के लिए सोसाइटी द्वारा की गई सार्वजनिक अपील को उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली और बड़ी संख्या में डॉक्टर, मानव परोपकार की भावना वश कार्यहेतु आगे आये। सोसाइटी इस अनुभूतिपूर्ण प्रतिक्रिया से उत्साहित है और आशा करती है कि अगले वर्ष भी यह उपलब्धि दोहराई जाएगी।



डॉ शालू गुप्ता,
एम डी-पेडियाट्रिक्स
डायरेक्टर & प्रोफ. LHMC, Delhi
(1 - 14 जुलाई)



डॉ अविनाश सुन्थालिया,
एम डी-मेडिसिन
MoHFW, दिल्ली
(1 - 14 जुलाई)



डॉ गौरव राजवंशी,
एम डी-इमरजेंसी मेडिसिन
AIIMS, दिल्ली
(13 - 20 जुलाई)



डॉ सत्येन्द्र सिंह मीना,
एम डी-इमरजेंसी मेडिसिन
AIIMS, दिल्ली
(13 - 20 जुलाई)



डॉ सौरभ मंगला,
MBBS
आर्मी हॉस्पिटल, वडोदरा,
(16 - 29 जुलाई)



डॉ वीना अग्रवाल,
DOMS - आफ्थैल्मालजिस्ट
जिला चिकित्सालय, कोरबा, C.G.,
(16 - 29 जुलाई)



डॉ अभिषेक यादव,
MD - रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, दिल्ली
(25 जुलाई - 8 अगस्त)



डॉ राहुल भास्कर,
MBBS
डॉ राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल, दिल्ली
(11 - 26 अगस्त)

# चार धाम चिकित्सालय आलेख

## कुछ कहानियाँ सफलता और अभिमान की



श्री केदारनाथ धाम

पुणे के रहने वाले एक बुजुर्ग दंपत्ति को चोटिल अवस्था में श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय लाया गया, यह चोटें उन दोनों को श्री केदारनाथ धाम जाते समय रास्ते में गिरने के कारण हुयीं। दंपति की चोटों का तन्मयतापूर्वक उपचार किया गया व उनकी दशा में सुधार होने के पश्चात छुट्टी दी गयी । चिकित्सालय द्वारा प्रदान किए गए उपचार और स्नेहपूर्ण देखभाल से अभिभूत होकर, दंपति भावुक हो गए और सेवाओं की  प्रशंसा करते हुए रो पड़े।

**प्रतिक्रिया सुने**

**रोगी का अनुभव**

https://www.youtube.com/watch?v=fjjxkkHf9fU

असम की एक 27 वर्षीय महिला तीर्थयात्री केदारनाथ धाम के रास्ते में मंदिर पहुंचने से लगभग 1 किमी पहले गिरकर बेहोश हो गई। जैसे ही श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय की टीम को इसका पता चला वह तुरंत ही आवश्यक उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। तीर्थयात्री पूरी तरह से भीगी हुई थी और उसका ऑक्सीजन स्तर 45-50%  था, रोगी की चिंताजनक स्थिति व तत्काल भर्ती करने की आवश्यकता को भांपते हुए, चिकित्सालय के स्टाफ श्री धनवीर ने समय न गंवाते हुए उक्त रोगी को को अपनी पीठ उठा कर पर लगभग 100-150 मीटर चल कर चिकित्सालय तक पहुंचाया। रोगी की त्वरित सघन देखभाल की गई और आवश्यक उपचार दिया गया। बाबा श्री केदारनाथ के आशीर्वाद से रोगी पूरी तरह स्वस्थ हो गयी और उसे छुट्टी दे दी गई।



श्री केदारनाथ धाम



श्री बद्रीनाथ धाम

श्री बद्रीनाथ धाम के एक 49 वर्षीय स्थानीय निवासी अपने दाहिने कंधे में अत्यधिक पीड़ा और उसे हिलाने में असमर्थता के साथ हमारे चिकित्सालय में आए।  एक्स-रे करने पर दाहिने कंधे के Dislocation का पता चला, जिसके बाद रोगी को Local Anaesthesia  देकर कंधे तो ठीक कर स्थिर कर दिया गया। इसके बाद रोगी को छुट्टी दे दी गई।

**प्रतिक्रिया सुने**

**रोगी का अनुभव**

https://www.youtube.com/watch?v=VAkO1olrGVc

गंगोत्री धाम के दर्शन हेतु जाते हुए रास्ते में गिरने के कारण एक 57 वर्षीय पुरुष तीर्थयात्री का दाहिना कंधा चोटिल हो गया। उन्हें बहुत पीड़ा और परेशानी में हमारे गंगोत्री धाम चिकित्सालय लाया गया, जहां उनके एक्स-रे से पता चला कि दाहिने बाजू की हड्डी (Humerus) में फ्रैक्चर है। रोगी को स्थिर कर POP Slab दिया गया और हड्डी रोग विशेषज्ञ से परामर्श करने की सलाह के साथ छुट्टी दे दी गई।

**प्रतिक्रिया सुने**

**रोगी का अनुभव**

https://www.youtube.com/watch?v=qE5vsEuhztc



गंगोत्री धाम

# प्रवास विशेष

**28 जुलाई: धर्मावाला**



डॉ शैलेन्द्र जी, प्रान्त प्रचारक, उत्तराखण्ड, RSS एवं अन्य पदाधिकारी धर्मावाला चिकित्सालय के डॉक्टरों सहित।

**28 जुलाई: धर्मावाला**



सीएसआर विजिट: न्यू इंडिया एश्योरेंस, देहरादून टीम से श्री धरम वीर जुंड जी (चीफ रीजनल मेनेजर), श्री राजवीर जी एवं श्री अंकुर जी।

**6 जुलाई: पीपलकोटी**



श्री राजकुमार  मठाले जी, अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख
एवं श्री जगदीश जी,
क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, RSS।

**2 सितम्बर: हरिद्वार**



डॉ वेंकटेश, CEO फोर्टिस हॉस्पिटल, चेन्नई;
डॉ सरस्वती थन्गाराजू, नर्सिंग HOD, यूनिवर्सिटी मलेशिया, सरावक, मलेशिया एवं टीम।

**2 सितम्बर: धर्मावाला**



प्रोफेसर डॉ के.पी.एस. कुशवाहा, डॉ एल. बी. यादव एवं
डॉ अरुण, प्लांट पैथोलॉजी डिपार्टमेंट एवं मशरुम फार्मिंग विशेषज्ञ,
गोविन्द बल्लभ पंत विश्विद्यालय, पंतनगर।

**18 सितम्बर - पीपलकोटी**



श्री वेंकट कोटेश्वर राव जी, अखिल भारतीय संयुक्त महासचिव
एवं
श्री सोहन सोलंकी जी, क्षेत्र संगठन मंत्री, विश्व हिंदू परिषद।

**26 सितम्बर: उत्तरकाशी**



श्री विजय राव जी, प्रान्त प्रचारक, सेवा भारती, गुजरात।

26 एवं 27 अगस्त

# यूरोलोजी शिविर

धर्मावाला

**CARES प्रोग्राम के अंतर्गत NZUSI (यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का नॉर्थ जोन चैप्टर) एवं UKUS (उत्तराखण्ड यूरोलॉजिकल सोसाइटी) द्वारा यूरोलॉजी शिविर आयोजित किया गया**



सर्जरी: 28







शिविर का उद्घाटन एम्स दिल्ली के यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. अमलेश सेठ, NZUSI से उनके अध्यक्ष डॉ. विजय बोरा; सचिव डॉ. कमलजीत सिंह; कोषाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र गोयल, और UKUS के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संजय गोयल की उपस्थिति मे हुआ। अन्य विशिष्ट अतिथिगण थे यूरोलॉजिस्ट डॉ. पंकज गौड़ और डॉ. अतुल खंडेलवाल। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सी.बी. वर्मा, सीनियर एनेस्थेटिस्ट, धर्मावाला चिकित्सालय ने सोसाइटी के तरफ से NZUSI द्वारा सहयोग स्वरुप OT उपकरण और वित्तीय योगदान को स्वीकार किया।

पेटशाल

# सर्जरी शिविर

सर्जरी: 8







डॉ अजय अग्रवाल, लेप्रोस्कोपिक सर्जन और डॉ मनोरंजन पंत, एनेस्थेटिस्ट
पेटशाल चिकित्सालय टीम के साथ

## अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर (धर्मावाला एवं हरिद्वार)

**हार्ट एवं लंग ट्रांसप्लांट सर्जन**

- डॉ राहुल चंदोला

**कार्डियोलॉजिस्ट**

- डॉ महेंद्र कुमार

**यूरोलॉजिस्ट**

- डॉ प्रशांत जैन
- डॉ प्रशांत लवानिया
- डॉ प्रदीप देब
- डॉ विकास बंसल
- डॉ देवप्रिय मित्रा
- डॉ आशुतोष कुमार सिंह

**ओंकोलोजिस्ट**

- डॉ अंशिका अरोड़ा

**न्यूरोसर्जन**

- डॉ अरविंद ममगाईं
- डॉ मयंक अग्रवाल
- डॉ सचिन गोयल
- डॉ गौरव ढाकरे

**न्यूरोलॉजिस्ट**

- डॉ आदित्य वार्ष्णेय
- डॉ मुकेश कुमार झा
- डॉ सौरभ गुप्ता

**ऑर्थोपेडिक सर्जन**

- डॉ ए के जैन
- डॉ नवीन अग्रोही
- डॉ प्रियांक अग्रवाल

**ईएनटी सर्जन**

- डॉ दीप्ति डोगरा
- डॉ एस पी सिंह

**जनरल सर्जन**

- डॉ संदीप बंसल
- डॉ अभय कुमार

**डेंटिस्ट**

- डॉ मनीष कुमार
- डॉ उषा बिष्ट

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**

- डॉ यतिंदर नागयान
- डॉ राहुल अहार

**नेत्र रोग विशेषज्ञ**

- डॉ वीना अग्रवाल

**मनोचिकित्सक**

- डॉ जे पी नारायण
- डॉ सागर लवानिया

**जनरल फिजिशियन**

- डॉ एस के बक्शी
- डॉ अशोक शर्मा

**आयुर्वेदिक फिजिशियन**

- डॉ अशोक कुमार शर्मा

**धर्मावाला**



**शिविर: 5**

**सर्जरी: 73 (यूरो)**

**लाभार्थी: 3067**

**हरिद्वार**



**शिविर: 9**

**लाभार्थी: 1,794**

दिल्ली

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

**शिविर: 13**

**लाभार्थी: 323**



डॉ सर्वेश पांडे,
ऑर्थोपेडिक सर्जन, आरएमएल, दिल्ली



डॉ मानसी एन. देशमुख,
त्वचा रोग विशेषज्ञ, अपोलो, दिल्ली



डॉ निलेश आर. जाधव,
न्यूरोलॉजिस्ट, मैक्स साकेत, दिल्ली



डॉ गुंजन मल्होत्रा,
गायनेकोलॉजिस्ट, आर्मी हॉस्पिटल (R&R), दिल्ली



डॉ यश दीक्षित,
ऑर्थोपेडिक सर्जन,
आरएमएल, दिल्ली



डॉ मोतीलाल नेगी,
जनरल फिजिशियन,
आरएमएल, दिल्ली



डॉ कैलाश तमारिया,
बाल रोग विशेषज्ञ,
AIIMS दिल्ली



डॉ मनोज गौर,
कार्डियोलॉजिस्ट,
मैक्स साकेत, दिल्ली



डॉ शिवानी त्रिपाठी,
गायनेकोलॉजिस्ट,
सफदरगंज हॉस्पिटल, दिल्ली



डॉ अभिजीत साहा,
बाल रोग विशेषज्ञ, कलावती सरन
चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल, दिल्ली

# सामुदायिक चिकित्सा शिविर

## बाढ़ पीड़ितों के लिए निःशुल्क शिविर

**16,739 लाभार्थी**

**45 शिविर**

### दिल्ली





आपदाओं में सहायता हेतु सदैव मुखर रहते हुए सोसाइटी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तत्परता दिखाते हुए नियमित निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए व पीड़ितों को चिकित्सा जांच, दवाएं व अन्य सामग्री इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध करायीं। इसके अतिरिक्त महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड भी वितरित किए गये।









# सामुदायिक चिकित्सा शिविर

## कांवड़ यात्रियों के लिए स्वास्थ्य शिविर

### दिल्ली एवं हरिद्वार

**4,181 लाभार्थी**

**26 शिविर**

















तीर्थयात्रियों की सेवा करना सोसाइटी के मिशन वक्तव्य में अंतर्निहित है। इसी ध्येय को यथार्थ करते हुए सोसाइटी ने पावन "कांवड़ यात्रा" के मार्गों पर चिकित्सा शिविर आयोजित किये। लाखों कि संख्या में श्रद्धालु जो अधिकतर नंगे पैर होते हैं, बहुत लंबी दूरी तय करते हैं और इस दौरान इन्हें चिकित्सा आवश्यकताओं के लिए सहायता चाहिए होती है। सोसाइटी ने इन शिव भक्तों को चिकित्सा उपचार, दवाएं और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करके अपना योगदान दिया।

हिंदू कैलेंडर के श्रावण माह में होने वाली “कांवड़ यात्रा” एक वार्षिक तीर्थयात्रा है, जिस दौरान लाखों शिव भक्त, जिन्हें "कांवड़िए" के नाम से जाना जाता है, सुदूर स्थानों से आकर गंगाजल या अन्य पवित्र नदियों से पावन जल अपने कंधों पर लेकर सैकड़ों मील तक पदयात्रा कर ले जाते हैं और इस जल से प्रसिद्ध या स्थानीय शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं।

# सामुदायिक चिकित्सा शिविर

**2,888 लाभार्थी**

**47 शिविर**



दिल्ली



हरिद्वार



हरिद्वार




धर्मावाला



पेटशाल




पेटशाल



धर्मावाला




श्री बद्रीनाथ धाम



पीपलकोटी

# सामुदायिक कार्यक्रम

## सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

### माई पैड (मासिक धर्म स्वच्छता) कार्यक्रम

संपर्क किए गए गाँव: 176
(हमारे 80% लाभार्थी बुक्सा और जौनसारी जनजातियों के हैं)

| कुल | शुरुआत से | इस तिमाही में |
|---|---|---|
| लाभार्थी | 5,545 | 1,253 |
| वितरित पैकेटस | 32,148 | 6,481 |

हमारे इस कार्यक्रम से लगभग 2500 महिलाएं नियमित रूप से सेनेटरी पैड का उपयोग कर रही है और मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता का पालन कर रहीं हैं।



फॉलो अप विजिट एवं परामर्श सत्र

### 10 अगस्त — स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर पर जागरूकता सत्र — कुंजा



जागरूकता सत्र

सोसाइटी नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक धर्म स्वच्छता व स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच और रोकथाम पर जागरूकता सत्र आयोजित करती है जो कि धर्मावाला चिकित्सालय की डॉ ताराश्री सिंघल द्वारा लिया जाता है।

प्रतिभागी: 40
सभी को नि:शुल्क सेनेटरी पैड पैकेटस वितरित किए गए



नि:शुल्क सेनेटरी पैड पैकेटस का वितरण

## बाल गोकुलम (बच्चों का साप्ताहिक संस्कार कार्यक्रम)



बड़कोट



नारायणकोटी



धर्मावाला



हरिद्वार



पीपलकोटी

सोसाइटी नियमित रूप से अपने चिकित्सालयों में बाल गोकुलम का आयोजन करती आ रही है जिसमे आसपास के गांवों के बच्चों में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को खेलों के माध्यम से विकसित किया जाता है। खेलों के साथ साथ श्रीमद्भगवद गीता के श्लोकों का पाठ, पंचतंत्र कि शिक्षाप्रद कहानियों और योग अभ्यास सम्मिलित हैं।

# समारोहों की झलकियाँ

## गुरु पूर्णिमा एवं गुरु दक्षिणा




धर्मावाला



नारायणकोटी



पीपलकोटी



हरिद्वार



बड़कोट



उत्तरकाशी



पेटशाल

## रक्षाबंधन



धर्मावाला



बड़कोट



पीपलकोटी



पेटशाल



हरिद्वार



श्री बद्रीनाथ धाम



श्री केदारनाथ धाम

# समारोह

## "अखंड भारत संकल्प दिवस" के उपलक्ष्य में मिनी मैराथन का आयोजन

### 11 अगस्त - धर्मावाला



77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह उपलक्ष में धर्मावाला चिकित्सालय में एक मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। 40 वर्ष से कम और अधिक आयु की दो श्रेणियों में विभाजित इस दौड़ में 38 डॉक्टर्स एवं स्टाफ ने भाग लिया और सभी ने अपने विनोदप्रिय व्यक्तित्व का प्रदर्शन किया।

## 77वां स्वतंत्रता दिवस


उत्तरकाशी


पीपलकोटी


दिल्ली


नारायणकोटी


धर्मावाला


हरिद्वार


पेटशाल


बड़कोट


श्री केदारनाथ धाम


श्री बद्रीनाथ धाम



गंगोत्री धाम

# आंकड़े


## कुल पंजीकरण




## अन्य सेवाएं




## अल्ट्रासाउंड




| चिकित्सालय | सर्जरी (465) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 260 | 122 |
| नारायणकोटी | 0 | 22 |
| बड़कोट | 0 | 7 |
| पेटशाल | 7 | 6 |
| हरिद्वार | 19 | 20 |
| उत्तरकाशी | 0 | 2 |
| कुल | 286 | 179 |

सर्जरी में शामिल हैं: सामान्य, महिला रोग, यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी।

| सुविधाएँ | धर्मावाला | हरिद्वार | कुल |
|---|---|---|---|
| सी टी स्कैन | 1029 | NA | 1029 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 138 | 10 | 148 |
| एंडोस्कोपी | 156 | NA | 156 |
| ऑडियोमेट्री | 39 | NA | 39 |
| स्पाईरोमेट्री | 80 | 54 | 134 |
| ईको (ECHO) | 89 | NA | 89 |

उपर्युक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला एवं हरिद्वार चिकित्सालय में उपलब्ध हैं।

| चिकित्सालय | लैब टेस्ट | इमरजेंसी | एक्स-रे | ई सी जी | डेंटल |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 41831 | 2110 | 3891 | 1278 | 1394 |
| उत्तरकाशी | 1457 | 13 | 284 | 21 | 275 |
| नारायणकोटी | 3051 | 216 | 501 | 224 | NA |
| बड़कोट | 2509 | 95 | 835 | 76 | 323 |
| पीपलकोटी | 1955 | 229 | 271 | 65 | 273 |
| बद्रीनाथ | 4960 | 626 | 265 | 284 | NA |
| पेटशाल | 2261 | 60 | 353 | 45 | 297 |
| केदारनाथ | 1462 | 6583 | 401 | 691 | NA |
| हरिद्वार | 15008 | 579 | 953 | 686 | 2009 |
| गंगोत्री | 672 | 639 | 108 | 17 | NA |
| दिल्ली | 1651 | NA | 129 | 11 | 566 |
| डुमेट | 176 | NA | NA | NA | 1058 |
| कुल | 76,993 | 11,150 | 7,991 | 3,398 | 6,195 |

| 1,59,017 | 465 | 11,150 | 7,991 | 4,184 | 76,993 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स रे | अल्ट्रासाउंड | लैब टेस्ट |

नर सेवा

नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

For **Domestic Donations**

**Account details**:
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/C No: 32584491256
IFSC Code: SBIN0010626

For **Foreign Donations**

**Account details**:
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/c No. - 00000040181017724
IFSC Code- SBIN0000691
MICR - 110002087
Swift Code- SBININBB104

आपका अमूल्य दान

एक वरदान



Contact us :

svhmuk@gmail.com

Visit us :

svhmuk.in

facebook.com/svhmu/

twitter.com/svhmuk/

instagram.com/svhmuk/

youtube.com/@swamivivekanandhealthmissi7701

सभी दान आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80G के तहत कर-मुक्त हैं।

## सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः


धर्मावाला, देहरादून



उत्तरकाशी, गंगोत्री मार्ग


नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग


बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग



पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग


श्री बद्रीनाथ धाम


पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग


श्री केदारनाथ धाम


हरिद्वार


गंगोत्री धाम


साधना केंद्र आश्रम, डुमेट, देहरादून


करोल बाग, दिल्ली

**Published by:** डॉ अनुज सिंघल, सचिव; **On behalf of:** स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी; **Published at:** B-207 पैसिफिक एस्टेट, अनुराग नर्सरी, कांवली रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड-28001;
**Printed at:** जगन्नाथ एंटरप्राइजेज, सीबी-94, रिंग रोड, नारायना, नई दिल्ली-110028